# इस्तेमाल के लिए निर्देश

## इंजेक्शन के लिए रुसफेर्टाइड (पीटीजी-300), त्वचा के नीचे उपयोग के लिए

इस "उपयोग के लिए निर्देश" में पीटीजी-300 को कैसे तैयार और इंजेक्ट करना है इस बारे में जानकारी शामिल है.

यदि आपके इस बारे में प्रश्न है कि पीटीजी-300 को कैसे तैयार करना है और/या इंजेक्ट करना है, तो कृपया अपने क्लिनिकल साइट से संपर्क करें.

### महत्वपूर्ण जानकारी जिसके बारे में आपको पीटीजी-300 का इंजेक्शन लगाने से पहले जानने की आवश्यकता है

- **महत्वपूर्ण जानकारी जिसके बारे में आपको पीटीजी-300 का इंजेक्शन लगाने से पहले जानने की आवश्यकता है**
- केवल दवा किट के साथ दिए गए सामानों का ही उपयोग करें.
- यदि किट की अवधि समाप्त हो गई है या यदि कोई सामान खुला हुआ है, हानि हुई है या गायब है तो **इसे** उपयोग **न करें**. क्लिनिकल साइट से संपर्क करें.
- तैयारी शुरू करने से कम से कम 15 मिनट पहले किट को रेफ्रिजरेटर से निकाल लें, ताकि इसे कमरे के तापमान तक गर्म किया जा सके.
- हर बार जब आप इंजेक्शन लगाते हैं, तो आपको अपनी दवा किट के अलावा एक शार्प कंटेनर (क्लिनिकल साइट द्वारा दिया गया) की आवश्यकता होगी.
- वायल के ऊपर लगे ग्रे रंग के रबर स्टॉपर को **न** छुएं.
- सिरिंज की नोक या सुई को अपने हाथों से या किसी सतह को छूने **न दें.**
- केवल त्वचा के नीचे (सबक्युटेनियस) इंजेक्शन के लिए (सीधे ठीक त्वचा के नीचे वसा की परत में इंजेक्ट करें).
- सुरक्षित रूप से संभालने सहित, किट के सामानों का उचित तरीके से कैसे निपटान करें या वापस करें इस बारे में रुसफेर्टाइड का निपटान (पीटीजी-300) अनुभाग देखें.

### उपयोग से पहले पीटीजी-300 स्टोर करना



चित्र ए

- पीटीजी-300 किट को रेफ्रिजरेटर में रखें (2° से 8° से. / 36° से 46° फै.) (चित्र ए).
- फ्रीज **नहीं करें.**
- **बच्चों की पहुंच से दूर रखें.**

## चरण 1: शुरू करना

### 1.1



चित्र बी

- आपके द्वारा खुराक तैयार करना शुरू करने से कम से कम 15 मिनट पहले किट को रेफ्रिजरेटर से निकालें (चित्र बी).
- साफ सपाट सतह पर रखें और **कम से कम 15 मिनट के लिए रखे रहने दें** ताकि यह कमरे के तापमान तक गर्म हो सके.

### 1.2



चित्र सी

- हाथों को साबुन और पानी से धोएं (चित्र सी).

### 1.3




चित्र डी

- किट के कार्टन के बाहर समाप्ति तिथि की जांच करें (चित्र डी).
- जांचें कि क्या सामान **खोले गए हैं, हानि हुई है या गायब हैं.**

  यदि किट की अवधि समाप्त हो गई है या यदि कोई सामान खुला हुआ है, हानि हुई है या गायब है तो इसे उपयोग **न करें.** क्लिनिकल साइट से संपर्क करें.

### 1.4




चित्र ई

- किट से वस्तु निकालें (चित्र ई) और साफ सपाट सतह पर रखें.

**नोट:** किट में आने वाली वस्तुओं के अलावा, आपको एक शार्प कंटेनर की भी आवश्यकता होगी (चित्र एफ).



**शार्प कंटेनर**
(अलग से दिया गया)

चित्र एफ

## चरण 2: डायल्युएंट सिरिंज तैयार करना

*अगले पेज पर जारी*

### 2.1



चित्र जी

- डायल्युएंट वायल से नीला कैप निकालें (चित्र जी).

### 2.2



चित्र एच

- अल्कोहल स्वैब के साथ डायल्युएंट वायल के ऊपर से ग्रे रंग के रबर स्टॉपर को साफ करें (चित्र एच). इस्तेमाल किए गए स्वैब को फेंक दें.

  साफ करने के बाद वायल के ऊपर लगे ग्रे रंग के रबर स्टॉपर को अपने हाथ से **न छुएं.**

### 2.3



चित्र आई

- एक वायल एडेप्टर को उसके पैकेज से निकालें (चित्र आई).

  एडेप्टर स्पाइक को **न छुएं.**

### 2.4



चित्र जे

- वायल को साफ सपाट सतह पर पकड़कर और वायल एडेप्टर को वायल के ऊपर सीधे नीचे धकेलकर वायल एडेप्टर को डायल्युएंट वायल में संलग्न करें (चित्र जे).

  **नोट:** वायल एडेप्टर पर स्पाइक को ग्रे रंग के रबर स्टॉपर के बीच से पंच करना चाहिए.

### 2.5



चित्र के

- वायल एडैप्टर को एक हाथ से पकड़कर स्पष्ट वायल एडैप्टर कैप को हटा दें और दूसरे हाथ से, कैप को तब तक काउंटर-क्लॉकवाइस/बाईं ओर खोलें जब तक कि वह ऊपर न उठ जाए (चित्र के).

  वायल एडैप्टर कैप को फेंक दें.

  वायल एडैप्टर टिप को छुएं **नहीं.**

### 2.6



चित्र एल

- सिरिंज को इसके पैकेज से निकालें (चित्र एल).

  सिरिंज की नोक को अपने हाथों या किसी सतह को छूने **न दें.**

### 2.7



चित्र एम

- वायल को एक साफ सपाट सतह पर पकड़कर और आपको प्रतिरोध महसूस होने तक क्लॉकवाइस/दाईं ओर घुमाकर वायल एडैप्टर पर सिरिंज को कसकर डायल्युएंट वायल एडैप्टर पर सिरिंज जोड़ें (चित्र एम).

  अधिक कसें **नहीं.**

### 2.8



चित्र एन

- उल्टा कर दें, ताकि डायल्युएंट वायल अब ऊपर हो (चित्र एन).

### 2.9



चित्र ओ

- प्लंजर को धीरे-धीरे नीचे खींचकर सारा तरल पदार्थ डायल्युएंट सिरिंज में डालें.
- जितना हो सके उतना तरल पदार्थ निकालें (चित्र ओ) भले ही सिरिंज में थोड़ी सी हवा भी खींच ली गई हो.

  तरल पदार्थ की कुछ ड्रॉप्स का वायल में रहना सामान्य है. हालांकि, आपको सिरिंज में जितना हो सके उतना तरल पदार्थ निकालना चाहिए.

  **सावधान रहें,** प्लंजर को सिरिंज से बाहर **न** निकालें.

### 2.10



वायल की असेंबली को हटाने के लिए एडैप्टर को पकड़ें

चित्र पी

- एक हाथ से सिरिंज को पकड़े हुए, वायल एडैप्टर को पकड़ें और भरी हुई सिरिंज से वायल असेंबली (वायल और वायल एडैप्टर ) को काउंटर-क्लॉकवाइस/बाईं ओर घुमाकर खोल दें (चित्र पी).

  इस्तेमाल की हुई वायल को फेंके **नहीं.** उपयोग की गई वायल को संलग्न एडैप्टर्स के साथ क्लिनिकल साइट पर लौटाएं.

### 2.11



चित्र क्यू

- भरे हुए सिरिंज को एक साफ सपाट सतह पर अलग रख दें. सिरिंज की नोक को अपने हाथों या किसी सतह को छूने से बचें (चित्र क्यू).

## चरण 3: रुसफेर्टाइड (पीटीजी-300) सिरिंज तैयार करना

*अगले पेज पर जारी*

### 3.1



चित्र आर

- पीटीजी-300 दवा की वायल के किनारे को उजागर करने के लिए लेबल को निकालें ताकि आप वायल में देख सकें (चित्र आर).

  लेबल को पूरी तरह से निकाले **नहीं.**

### 3.2



चत्रि एस

- पीटीजी-300 दवा की वायल से सफेद कैप निकालें (चित्र एस).

### 3.3



चित्र टी

- नए अल्कोहल स्वैब के साथ पीटीजी-300 दवा की वायल के ऊपर से ग्रे रंग का रबर स्टॉपर साफ करें (चित्र टी). इस्तेमाल किए गए स्वैब को फेंक दें.

  साफ करने के बाद वायल के ऊपर लगे ग्रे रंग के रबर स्टॉपर को अपने हाथ से **न छुएं.**

### 3.4



चित्र यू

- अन्य वायल एडैप्टर को उसके पैकेज से निकालें (चित्र यू).

  एडैप्टर स्पाइक को **न छुएं.**

### 3.5



चित्र वी

- वायल को साफ सपाट सतह पर पकड़कर और वायल एडैप्टर को वायल के ऊपर सीधे नीचे धकेलकर वायल एडैप्टर को दवा की वायल में संलग्न करें (चित्र वी).

  **नोट:** वायल एडैप्टर पर स्पाइक को ग्रे रंग के रबर स्टॉपर के बीच से पंच करना चाहिए.

### 3.6



चित्र डब्ल्यू

- वायल एडैप्टर को एक हाथ से पकड़कर स्पष्ट वायल एडैप्टर कैप को हटा दें और दूसरे हाथ से, कैप को तब तक काउंटर-क्लॉकवाइस/बाईं ओर खोलें जब तक कि वह ऊपर न उठ जाए (चित्र डब्ल्यू). वायल एडैप्टर कैप को फेंक दें.

  वायल एडैप्टर टिप को छुएं **नहीं.**

### 3.7



चित्र एक्स

- वायल को एक साफ सपाट सतह पर पकड़कर और आपको प्रतिरोध महसूस होने तक क्लॉकवाइस/दाईं ओर घुमाकर वायल एडैप्टर पर सिरिंज को कसकर पीटीजी-300 वायल एडैप्टर में डायल्युएंट युक्त सिरिंज जोड़ें (चित्र एक्स).

  अधिक कसें **नहीं.**

### 3.8



चत्रि वाई

- पूरी तरह से दबाए जाने तक सिरिंज प्लंजर को **धीरे-धीरे** नीचे दबाकर डायल्युएंट को दवा की वायल में इंजेक्ट करें (चित्र वाई).

### 3.9

60 सेकंड तक धीरे-धीरे घुमाएं



चित्र ज़ेड

- दवा की वायल को कम से कम 60 सेकंड तक धीरे-धीरे घुमाकर डायल्युएंट और दवा को मिलाएं (चित्र ज़ेड). दवा झागदार नजर आ सकती है.

  हिलाएं **नहीं.**

  **नोट:** मिलाने के 4 घंटे के अंदर दवा का इंजेक्शन लगाएं.

### 3.10

वायल को 60 सेकंड तक रखी रहने दें



चित्र एए

- वायल को साफ सपाट सतह पर रखें और **इसे कम से कम 60 सेकंड तक रखी रहने दें,** जिससे तरल पदार्थ बैठ जाए और झाग खत्म हो जाएं (चित्र एए).

### 3.11



चित्र एबी

- तरल पदार्थ के बैठ जाने के बाद, तरल पदार्थ की जांच करें (चित्र एबी). यह मामूली झाग के साथ स्पष्ट, रंगहीन और दिखने वाले कणों से मुक्त होना चाहिए.

  यदि तरल पदार्थ रंगीन दिखता है या उसमें कण होते हैं तो वायल का उपयोग **न करें.**

### 3.12



चित्र एसी

- उल्टा कर दें, ताकि पीटीजी-300 दवा की वायल अब ऊपर हो (चित्र एसी).

### 3.13



चित्र एडी

- प्लंजर को धीरे-धीरे नीचे खींचकर मिलाई गई सारी दवा सिरिंज में निकालें (चित्र एडी). तरल पदार्थ की कुछ ड्रॉप्स का वायल में रहना सामान्य है.

  **सावधान रहें,** प्लंजर को सिरिंज से बाहर न निकालें.

  **नोट:** अगर ज्यादा मात्रा में हवा दिखाई देती है तो हवा को धीरे-धीरे वापस वायल में धकेलें ताकि सिरिंज केवल तरल पदार्थ से भर जाए.

*अगले पेज पर जारी*

### 3.14

वायल असेंबली को हटाने के लिए एडैप्टर को पकड़ें



चित्र एई

- एक हाथ से सिरिंज को पकड़े हुए, वायल एडैप्टर को पकड़ें और भरी हुई सिरिंज से वायल असेंबली (वायल और वायल एडैप्टर) को काउंटर-क्लॉकवाइस/बाईं ओर घुमाकर खोल दें (चित्र एई).

  इस्तेमाल की हुई वायल को फेंके **नहीं.** उपयोग की गई वायल को संलग्न एडैप्टर्स के साथ क्लिनिकल साइट पर लौटाएं.

### 3.15



चित्र एएफ

- भरे हुए सिरिंज को एक साफ सपाट सतह पर अलग रख दें. सिरिंज की नोक को अपने हाथों या किसी सतह को छूने से बचें (चित्र एएफ).

### 3.16



चित्र एजी

- सुई को पैकेजिंग से बाहर निकालें (चित्र एजी).

  सुई के निचले/खुले सिरे को छुएं **नहीं.**

### 3.17



चित्र एएच

- सिरिंज को एक हाथ में पकड़कर, सिरिंज पर सुई को क्लॉकवाइस/दाईं ओर घुमाकर तब तक कसें जब तक आप प्रतिरोध महसूस न करें (चित्र एएच).

### 3.18



चित्र एआई

- तैयार सिरिंज को एक साफ सपाट सतह पर अलग रख दें (चित्र एआई).

## चरण 4: इंजेक्शन लगाने की जगह तैयार करना

### 4.1

सामने का दृश्य



चित्र एजे

- इंजेक्शन लगाने की निम्नलिखित अनुशंसित जगहों में से एक चुनें (चित्र एजे):
  - **उदर** (नाभि [बेली बटन] से कम से कम 2 इंच दूर)
  - **जांघ का बीच का क्षेत्र**
  - यदि आप इंजेक्शन तैयार करने और लगाने वाले देखभालकर्ता हैं, तो आवश्यक होने पर आप रोगी की ऊपरी बांह के बाहरी क्षेत्र का भी उपयोग कर सकते हैं.

ऐसी जगह का चयन **न करें** जहां त्वचा कोमल, नील का निशान वाली, लाल, जलन वाली, कठोर या फटी हुई हो.

लगातार दो बार एक ही स्थान पर इंजेक्शन **न लगाएं.** इंजेक्शन के बीच जगहों को बदलते रहें. यदि आवश्यक हो तो इंजेक्शन लगाने की अपनी जगहों को लिखें या लॉग करें.

### 4.2



चित्र एके

- चुनी गई इंजेक्शन लगाने की जगह को नए अल्कोहल स्वैब से साफ करें (चित्र एके). इस्तेमाल किए गए स्वैब को फेंक दें.
- हवा से सूखने दें.

## चरण 5: रुसफेर्टाइड (पीटीजी-300) का इंजेक्शन लगाना

### 5.1



चित्र एएल

- गुलाबी सुई शील्ड को पीछे खींच लें (चित्र एएल).

### 5.2



चित्र एएम

- एक हाथ से सिरिंज पकड़कर और दूसरे हाथ से **कैप को सीधे मजबूती से खींचकर** सुई की कैप को निकालें (चित्र एएम).
- जैसे ही आप कैप को हटाते हैं अपने हाथ को सुई से दूर रखें ताकि आपको सुई चुभ न जाए.

### 5.3



चित्र एएन

- यदि आवश्यक हो, तो सिरिंज से हवा निकालें (चित्र एएन). ऐसा करने के लिए:
  - सिरिंज को सुई की नोक को सीधे ऊपर की ओर रखते हुए पकड़ें.
  - किसी भी हवा या बुलबुले को सिरिंज की नोक पर ले जाने के लिए सिरिंज को टैप करें.
  - हवा या बुलबुले को निकालने के लिए सिरिंज प्लंजर को धीरे-धीरे और सावधानी से दबाएं. सुई के अंत में तरल पदार्थ दिखाई देने पर धक्का देना बंद करें.
  - तरल पदार्थ की 1 से 2 ड्रॉप्स से अधिक नहीं निकालनी चाहिए. अगर सिरिंज में हवा का छोटा सा गैप/बुलबुला रह जाए तो कोई बात नहीं.

### 5.4



चित्र एओ

- इंजेक्शन लगाने की जगह पर त्वचा को चुटकी में लेने के लिए एक हाथ का उपयोग करें (चित्र एओ). इससे आप त्वचा के ठीक नीचे वसा वाले ऊतक में सुई डाल सकते हैं.

### 5.5




चित्र एपी

- चुटकी में ली हुई त्वचा में 45-90 डिग्री के कोण पर सुई डालें (चित्र एपी).
- फिर चुटकी में ली हुई त्वचा को छोड़ दें.

### 5.6



चित्र एक्यू

- **सारी पीटीजी-300 दवा को इंजेक्ट करने के लिए प्लंजर को धीरे-धीरे धक्का दें** (चित्र एक्यू).
- सारा तरल पदार्थ इंजेक्ट हो जाने के बाद, सुई और सिरिंज को उसी कोण पर त्वचा से बाहर खींचें, जिस पर आपने इसे डाला था.

## चरण 6: रुसफेर्टाइड का निपटान (पीटीजी-300)

### 6.1



चित्र एआर

- सुई के ऊपर गुलाबी सुई शील्ड को सावधानी से तब तक धकेलें जब तक कि वह जगह में न आ जाए और सुई को ढक न ले (चित्र एआर).

### 6.2



चित्र एएस

- उपयोग की गई सिरिंज को तुरंत शार्प कंटेनर में डालें (चित्र एएस).

  सुई और सीरिंज को अपने घर के कूड़ेदान में **न फेंके.**

  सुई और सिरिंज को पुन: उपयोग नहीं किया जाना चाहिए.

  शार्प कंटेनर को हमेशा बच्चों की पहुंच से दूर रखें.

### 6.3




चित्र एटी

- **संलग्न एडैप्टर्स के साथ उपयोग की गई दोनों शीशियां क्लिनिकल साइट में लौटाएं** (चित्र एटी).
- **अन्य सामग्री को घरेलू कचरे में फेंक दें.** इस्तेमाल की गई वायल के कैप, इस्तेमाल किए गए अल्कोहल स्वैब और खुली हुई पैकेजिंग को घरेलू कूड़ेदान में फेंका जा सकता है.

## अतिरिक्त जानकारी

- **पीटीजी-300 का उपयोग कैसे करना है इस बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए क्लिनिकल साइट से संपर्क करें.**